प्रेरणा
"विपत्ति हीरे की धुल है, जिससे परामात्मा अपने रत्नों को चमकाता है।"

सच कहने की ताकत
साप्ताहिक समाचार पत्र
# जालंधर ब्रीज




लोहड़ी की शुभकामनाएं

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-4 • 13 JANUARY TO 19 JANUARY 2023 • VOLUME 26 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE CONSULTING DESIGN TRAINING
ISO CERTIFIED 2015 COMPANY
✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD
Low Filing Charges &
*Pay Money after the visa
•IELTS •STUDY ABROAD
CANADA AUSTRALIA USA
U.K SINGAPORE EUROPE
E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663
REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.
*T&C apply

# रोड-शो में पीएम मोदी की सुरक्षा में चूक

## माला लेकर प्रधानमंत्री की तरफ दौड़ा 11 साल का बच्चा



**हुबली.** कर्नाटक में गुरुवार को रोड शो कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। हुबली में रोड शो के दौरान एक 11 साल का बच्चा प्रधानमंत्री के करीब पहुंचा, जिसे बड़ी चौकसी के साथ एसपीजी ने हटा दिया। घटना का जो वीडियो सामने आया है उसमें दिख रहा है कि रोड शो के दौरान एक बच्चा भीड़ से निकलता है और हाथ में फूलों की माला लिए तेजी से पीएम मोदी की ओर बढ़ता है।

हालांकि, पीएम तक पहुंचने में वो सफल नहीं हो पाता है। पीएम मोदी की सुरक्षा में तैनात एसपीजी उसे रोक देते हैं, तब अन्य पुलिस जवान उसे खींच कर साइड कर देते हैं। हालांकि, इस बीच पीएम मोदी उससे फूल की माला ले लेने का निर्देश देते हैं। ऐसे में गार्ड शख्स से फूल माला लेकर पीएम मोदी को सौंप देते हैं। बच्चे की मानें तो उसने उत्साहित होकर छलांग लगाई थी। प्रोटोकाल को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

बता दें कि 29वें राष्ट्रीय यूथ फेस्टिवल का उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर्नाटक के हुबली में हैं। यहां वे एक रोड शो कर रहे हैं। यूथ फेस्टिवल के उद्घाटन में लगभग 30,000 युवाओं के शामिल होने की उम्मीद है। पीएम मोदी कार्यक्रम में आए युवाओं को संबोधित करेंगे। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर रेलवे खेल मैदान में उद्घाटन समारोह हो रहा है। पांच दिवसीय उत्सव का आयोजन युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा राज्य सरकार के सहयोग से किया जा रहा है।

बता दें कि देशभर से 7,500 से अधिक युवा प्रतिनिधियों को कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है, जहां वे विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेंगे। इस दौरान छात्र केंद्रित शासन और डिजिटल इंडिया, साहसिक खेल गतिविधियों, पारंपरिक खेलों की प्रदर्शनियों और प्रतिस्पर्धी सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे प्रासंगिक विषयों पर भी चर्चा होगी।

## पंजाब सरकार ने बोर्ड और नगर सुधार ट्रस्टों के 17 चेयरमैन लगाए

**जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़ :** मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बोर्ड और इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के 17 चेयरमैन नियुक्त किए है। इनमें पंजाब स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कार्पोरेशन में जसवीर, पंजाब लार्ज इंडस्ट्री डेवलपमेंट बोर्ड में प्रदीप छाबड़ा, पंजाब मीडियम इंडस्ट्री डेवलपमेंट बोर्ड में नील गर्ग, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट अमृतसर में अशोक तलवाड़, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट नवांशहर में सतनाम जैवाहा, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट नाभा में सुरिंदरपाल शर्मा को लगाया है।

वहीं इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट बठिंडा में जतिंद्र भल्ला, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट गुरदासपुर में राजीव शर्मा, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट संगरूर में हरप्रीत सिंह पीतू, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट फगवाड़ा में कश्मीर सिंह मल्ली, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट कपूरथला में गुरपाल सिंह, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट बरनाला में राम तीर्थ मन्ना, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट फरीदकोट में गुरजेत खोसा, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट तरनतारन में वरूण कुमार, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट बटाला में नरेश गोयल, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट फाजिल्का में मोहिन्द्र कचूरा और इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट सुल्तानपुर लोधी में लक्की रंधावा को चेयरमैन लगाया गया है।

## सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यूट्यूब चैनलों पर चलने वाली फर्जी खबरों के विरुद्ध कार्रवाई की

**नई दिल्ली.** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट (एफसीयू) ने छह यूट्यूब चैनलों का भंडाफोड़ किया, जो भारत में समन्वित तरीके से काम कर रहे थे और गलत जानकारी फैला रहे थे। फैक्ट चेक यूनिट ने इन चैनलों द्वारा फैलाई जा रही फर्जी खबरों का मुकाबला करने के लिए 100 से ज्यादा फैक्ट चेक वाले छह अलग-अलग ट्विटर थ्रेड जारी किए। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तहत यूनिट की ओर से यह दूसरी ऐसी कार्रवाई है जहां पूरे चैनलों का भंडाफोड़ किया गया है।

छह यूट्यूब चैनल समन्वित रूप से गलत सूचना के नेटवर्क के हिस्से के रूप में काम करते पाए गए, जिनके लगभग 20 लाख ग्राहक थे और उनके वीडियो को 51 करोड़ से अधिक बार देखा जा चुका है। पीआईबी द्वारा तथ्य-जांच किए गए इन यूट्यूब चैनलों का विवरण इस प्रकार है: नेशन टीवी, संवाद टीवी, सरोकार टीवी, नेशन 24, स्वर्णिम भारत, संवाद समाचार। पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट द्वारा उजागर किए गए यूट्यूब चैनलों ने चुनाव, भारत के सर्वोच्च न्यायालय और भारत की संसद में कार्यवाही, भारत सरकार के कामकाज आदि के बारे में फर्जी खबरें फैलाईं।

## प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा को गिरफ्तार करके पेश करने संबंधी आदेश वापिस

**जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़ :** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने 6 जनवरी 2023 को डीजीपी पंजाब गौरव यादव को प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा जसप्रीत तलवाड़ को गिरफ्तार करके आयोग के सामने पेश करने संबंधी दिए गए अपने आदेशों को वापिस ले लिया है। आयोग द्वारा गुरुवार को जारी किए गए नए आदेशों के अनुसार प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा जसप्रीत तलवाड़ पहले से ही निर्धारित तारीख को बगैर पुलिस कार्यवाही के आयोग के समक्ष पेश होंगे।

**उत्तरी क्षेत्रीय परिषद स्थायी समिति की 20वीं बैठक**

## पंजाब ने राज्य के अधिकारों और अंतर-राज्यीय मामलों पर ज़ोरदार तरीके से आवाज़ उठाई



***पानी और चंडीगढ़ पर अधिकार, मोहाली हवाई अड्डे से अंतरराष्ट्रीय उड़ानें बढ़ाने, अंतरराष्ट्रीय सरहद मज़बूत करने, ज़मीन ख़रीदने के लिए समान नीति समेत अहम मुद्दे उठाए***

**• जालंधर ब्रीज.एसएएस नगर**

उत्तरी भारत के राज्यों के अंतर-राज्यीय मामलों सम्बन्धी आज पंजाब की मेज़बानी में हुई उत्तरी क्षेत्रीय परिषद स्थायी समिति की 20वीं बैठक में पंजाब ने आज राज्य के अधिकारों और अंतर-राज्यीय मामलों पर ज़ोरदार ढंग से आवाज़ उठाई। इस बैठक में केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अंतर राज्य परिषद् सचिवालय के अधिकारियों के अलावा पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली के मुख्य सचिव, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख़ यू.टी. के मुख्य सचिव और चंडीगढ़ यू.टी. के सलाहकार समेत सभी राज्यों और यू.टी. के विभिन्न विभागों के प्रशासनिक सचिव शामिल हुए।

पंजाब द्वारा पानी, चंडीगढ़ और पंजाब यूनिवर्सिटी पर राज्य के अधिकार, पानी की मौजूदा स्थिति के मूल्यांकन के लिए ट्रिब्यूनल की माँग, पंजाब के पास पानी की कमी, मोहाली हवाई अड्डे से अंतरराष्ट्रीय उड़ानें बढ़ाने, राज्य में चार घरेलू हवाई अड्डों से उड़ान योजना शुरू करने, अंतरराष्ट्रीय सरहद मज़बूत करने, ज़मीन ख़रीदने के लिए समान नीति बनाने, हांसी-बुटाना नहर और घग्गर से होने वाले पंजाब के नुकसान को रोकने जैसे संवेदनशील मुद्दों पर दलीलों समेत राज्य का पक्ष रखा।

अपने उद्घाटन भाषण में पंजाब के मुख्य सचिव विजय कुमार जंजुआ ने सहकारी संघवाद पर ज़ोर देते हुए अंतर- राज्यीय मामलों को उठाने और इसके समाधान के लिए इस बैठक को बढिय़ा मंच करार देते हुए कहा कि पानी की मौजूदा स्थिति के अनुसार पंजाब में पानी की कमी के कारण किसी अन्य राज्य को देने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है। पंजाब मूल राज्य होने के कारण राज्य का अपनी राजधानी चंडीगढ़ पर पूरा अधिकार है जो अभी तक उसे नहीं मिला। उन्होंने कहा कि यह पंजाब के भावनात्मक मुद्दे हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा भी इन मामलों पर राज्य का पक्ष रखते हुए अधिकार जताया गया है। एक देश-एक परिवार के सिद्धांत पर देश के सभी राज्यों में ज़मीन ख़रीदने और बेचने की समान नीति बनाने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि यह अत्यधिक महत्व वाले मुद्दे होने के कारण इन मुद्दों का समाधान निकालना अनिवार्य है।

## अमन अरोड़ा द्वारा पंजाब निवेशक सम्मेलन की तैयारियों का जायज़ा



**• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़/एसएएस नगर**

मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व अधीन पंजाब सरकार के पहले प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन को सफल बनाने के लिए पंजाब के आवास निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने इस साल फरवरी में होने वाले इस मैगा समारोह की तैयारियों का जायज़ा लिया। उन्होंने अधिकारियों को पंजाब के मॉडल शहर मोहाली के सौन्दर्यीकरण और सडक़ों के बुनियादी ढांचे को और मज़बूत बनाने पर विशेष ध्यान देने की हिदायत की।

पुडा भवन, एस.ए.एस. नगर में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए इावास निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री ने ग्रेटर मोहाली एरिया डिवल्मैंट अथॉरिटी (गमाडा) के अधिकारियों को शहीद भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से निवेशक सम्मेलन वाली जगह तक जाने वाली सभी सडक़ों की मरम्मत को समय पर पूरा करने को सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन राज्य के संपूर्ण औद्योगिक विकास को सुनिश्चित बनाने के लिए अहम सिद्ध होगा।

## जालंधर विकास प्राधिकरण द्वारा साल की पहली ई-नीलामी आज से

**जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़ :** लोहड़ी के त्योहार के अवसर पर जालंधर विकास प्राधिकरण (जेडीए) और पंजाब शहरी योजना एवं विकास प्राधिकरण द्वारा 13 जनवरी को सुबह 9 बजे से आवासीय, वाणिज्यिक, चंक और ग्रुप हाउसिंग साईट्स की ई-नीलामी की जाएगी। यह ई-नीलामी 31 जनवरी को दोपहर 1 बजे समाप्त होगी। आवास निर्माण एवं शहरी विकास विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस ई-नीलामी में उपलब्ध सम्पत्तियाँ जालंधर, होशियारपुर, कपूरथला, मुकेरियाँ और सुल्तानपुर लोधी के अलग-अलग इलाकों में स्थित हैं। उन्होंने कहा कि ई-नीलामी में कुल 151 साईट्स नीलामी के लिए उपलब्ध होंगी।

## प्रवासी भारतीयों के लिए पंजाब में और अधिक फास्ट ट्रैक अदालतें स्थापित होंगी

### कैबिनेट मंत्री धालीवाल जल्द ही चीफ़ जस्टिस को मिलेंगे

**• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री भगवंत मान की दुनिया भर में बसने वाले प्रवासी पंजाबियों की सभी जायज़ शिकायतों का निपटारा करने की प्रतिबद्धता के साथ प्रवासी भारतीय मामले विभाग ने विशेष तौर पर प्रवासी भारतीयों से सम्बन्धित मामलों के लिए और अधिक फास्ट ट्रैक अदालतें स्थापित करने सम्बन्धी कार्यवाही आरंभ कर दी है। प्रवासी भारतीय मामलों संबंधी मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल इस सम्बन्धी कानूनी और अन्य रूप-रेखा बनाने के बारे में जल्द ही पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ़ जस्टिस को मिलेंगे।

पंजाब भर में आयोजित 'प्रवासी पंजाबियों के साथ मिलनी' प्रोग्राम के दौरान आईं शिकायतों की स्थिति सम्बन्धी आज यहाँ पंजाब भवन में एन.आर.आईज़ मामले विभाग के अधिकारियों, एडीजीपी



एनआरआई, कमिश्नर एनआरआई सभा के साथ मीटिंग करते हुए कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा कि वह एनआरआईज़ फास्ट ट्रैक अदालतों की स्थापना के लिए प्रक्रिया को तेज़ करने के लिए कानूनी रूप-रेखा तैयार करने सम्बन्धी जल्द ही चीफ़ जस्टिस के साथ मीटिंग करेंगे।

कैबिनेट मंत्री ने प्रवासी भारतीयों को अपेक्षित कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए कानूनी सलाहकार तैनात करने के निर्देश भी दिए।

**हुब्बली-धारवाड़ में केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर का स्वागत भाषण**

# एक नरेंद्र (स्वामी विवेकानंद) के विकसित भारत के सपने को आज साकार कर रहा है दूसरा नरेंद्र : अनुराग ठाकुर

**• जालंधर ब्रीज.हुब्बली-धारवाड़**

कर्नाटक के हुब्बली-धारवाड़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान केंद्रीय युवा एवं खेल व सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने स्वागत भाषण दिया। संबोधन की शुरुआत युवाओं को समर्पित जोशीली पंक्तियों के साथ करते हुए ठाकुर ने कहा, "अनवरत गति से बहती शीतल हवा हैं हम, मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को आँखों में लेकर चले हैं हम, न थके हैं, न थमे हैं, न रुके हैं हमारे कदम, सर्व-समावेशी, नए भारत, बदलते भारत और बढ़ते भारत के युवा हैं हम, युवा हैं हम।

ठाकुर ने कहा, " कर्नाटक के हुब्बली-धारवाड़ में भारत के कोने कोने से एकत्रित युवा व अपनी ओर से विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी का स्वागत अभिनंदन। ये महोत्सव हमारे राष्ट्र की संस्कृति व जिज्ञासा, समुदाय व भौगोलिक क्षेत्रों की जिज्ञासाओं को सामने लाता है।"

स्वामी विवेकानंद द्वारा खेल व शारीरिक व्यायाम के महत्वत को परिलक्षित करते हुए केंद्रीय खेल मंत्री ने कहा, "स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था गीता व रामायण पढ़ने से पहले फुटबॉल खेलो क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। फुटबॉल खेलोगे तो मांसपेशियां मजबूत होंगी, हृदय फौलादी बनेगा। तभी तो



गीता और रामायण का सार समझ पाओगे।" आगे स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को प्रधानमंत्री जी द्वारा धरातल पर लाने के कार्य की सराहना करते हुए ठाकुर ने कहा, " प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिट इंडिया, खेलो इंडिया, खेल महाकुंभ जैसे अनेकों कार्यक्रम चलाकर युवाओं को स्वस्थ बनाने का कार्य किया। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही संभव हो पाया कि भारत दुनिया का सर्वश्रेष्ठ यूपीआई एप बना पाया। स्टार्टअप इंडिया स्टैंडअप इंडिया से युवा आज आत्मनिर्भर बन रहे हैं।"

अनुराग ठाकुर ने आगे अपने संबोधन में अमृत काल व प्रधानमंत्री मोदी के पंच प्रण की बात करते हुए कहा, "भाइयों और बहनों यह वर्ष हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हम आज आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। भारत निर्माण में युवाओं की मुख्य जिम्मेदारी है। लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री जी ने 'पंच प्रण' के बारे में बतलाया है। भारत को विकसित बनाना है। अपने गौरवशाली इतिहास पर गर्व करना है। गुलामी की मानसिकता को मिटाना है। एकजुटता के लिए कटिबद्ध रहना है। हर नागरिक को अधिकारों से आगे बढ़ कर कर्तव्य परायण बनना है। इसी से हम स्वर्णिम काल की ओर अग्रसर होंगे। इस वर्ष के युवा महोत्सव की थीम भी विकसित युवा व विकसित भारत है। इसका आधार आदरणीय प्रधानमंत्री जी के पंच प्रण हीं हैं।"

आगे जी20 पर बोलते हुए ठाकुर ने कहा, " अभी भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिली है। जी-20 के अंदर हम वाई20 के अंतर्गत वाई टाक्स और वाई वाक्स के माध्यम से हर जिले, हर शहर, हर राज्य में जाने का काम करेंगे।" अपने संबोधन के अंत में केंद्रीय मंत्री में युवाओं से आवाहन करते हुए कहा, "अंत में मैं यही कहना चाहूंगा की एक नरेंद्र ने जिस भारत का सपना देखा था उसे आज के नरेंद्र पूरा कर रहे हैं। यूक्रेन युद्ध के समय पूरी दुनिया में अगर किसी ने अपने बच्चों को सही सलामत वापस लाया तो वह नरेंद्र मोदी ही थे। हमने ऑपरेशन गंगा चलाकर 27000 से ज्यादा बच्चों को सकुशल भारत लाया। आज भारत ब्रिटेन को पीछे छोड़कर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। मैं आप सभी युवाओं से यह आवाहन करता हूं कि आइए एक नए भारत की परिकल्पना को साकार करें। एक नया, नशा मुक्त, भय मुक्त, गंदगी मुक्त, विकसित भारत बनाएं।

# सर्दियों में कश्मीर की इन हसीन जगहों को घूमने का उठाएं लुत्फ



**TRAVELLING**

**कश्मीर को 'पृथ्वी पर स्वर्ग' कहा जाता है। जनवरी के मौसम में यहां पर हैवी स्नोफॉल होता है। अगर आप यहां जाने की प्लानिंग कर रहे हैं तो इन जगहों को जरूर देखें-**

• **जालंधर ब्रीज.** सेलिब्रेशन

कश्मीर को 'पृथ्वी पर स्वर्ग' कहा जाता है। कश्मीर प्राकृतिक सुंदरता से भरा है जो कश्मीर घाटी के प्रामाणिक खिंचाव को सामने लाता है। केसर के खेत, खूबसूरत घाटियां, पहाड़ों का मनमोहक नजारा, नदियां और जंगल कश्मीर में देखने के लिए सबसे अच्छा है। आप इस जगह पर रहकर कई जगहों पर घूम सकते हैं और काफी एक्टिविटी को एंजॉय कर सकते हैं। हालांकि, सर्दी आपको ठोड़ा पेशान कर सकती हैं लेकिन अगर आप ऐसे व्यक्ति हैं जो एडवेंचर पसंद करते हैं, तो आप इस जगह को अपनी लिस्ट में शामिल कर सकते हैं।

**गुरेज :** गुरेज कश्मीर की उन जगहों में से एक है जो सर्दियों के दौरान भारी बर्फबारी के कारण पर्यटकों के लिए बंद रहता है। हालांकि, ये स्कीइंग जैसे विंटर खेलों के लिए अच्छा है। यह पर्यटकों को गुरेज की सुंदरता काअनुभव करने और नजारों को एंजॉय करने का तरीका है।

**गुलमर्ग :** कश्मीर में घूमने के लिए सबसे अच्छी जगहों की लिस्ट में शामिल गुलमर्ग अपनी शांत प्राकृतिक सुंदरता के लिए फेमस है। गुलमर्ग को लोकप्रिय रूप से 'फूलों के मैदान' के रूप में जाना जाता है।

**दाचीगाम नेशनल पार्क :** यह एक और डेस्टिनेशन है जहां आप घूमने के लिए जा सकते हैं। नेशनल पार्क के अंदर आप निश्चित रूप से समृद्ध वन्य जीवन से रोमांचित होंगे। यह एक अच्छी ट्रेकिंग डेस्टिनेशन है।

**सोनमर्ग :** सर्दियों के मौसम में सोनमर्ग की प्राकृतिक सुंदरता और भी ज्यादा बढ़ जाती है। अगर आप अपने परिवार के साथ यहां ट्रैवल कर रहे हैं, तो ये एक बेहतरीन पिकनिक स्पॉट है। सोनमर्ग कश्मीर में घूमने के लिए सबसे आकर्षक जगहों में से एक है, जो पूरे कश्मीर में कुछ सबसे खूबसूरत ट्रेकिंग ट्रेल्स से एक है।

**FASHION+**

## किआरा आडवाणी ने काले रंग की मॉडर्न साड़ी में ढाया कहर, क्यूट स्माइल पर आया फैंस का दिल

किआरा आडवाणी के स्टाइलिस्ट ने हाल ही में ग्लैमरस स्टाइलिश साड़ी पहने एक्ट्रेस की फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कीं हैं। एक्ट्रेस का स्टाइल इन फोटोज में लाजवाब लग रहा है।



• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी इन दिनों सिद्धार्थ मल्होत्रा संग शादी को लेकर चर्चा में हैं। रिपोर्ट्स हैं कि दोनों सितारे इस साल फरवरी के महीने में शादी के बंधन में बंध जाएंगे। इन सभी खबरों के बीच कियारा का एक बेहद खूबसूरत लुक सामने आया है। जिसमें उन्होंने काले रंग की बेहद खूबसूरत स्टाइलिश साड़ी को कैरी किया है। एक्ट्रेस की स्टाइलिस्ट ने उनकी ये खूबसूरत तस्वीरों को शेयर किया है। इन तस्वीरों में उनकी स्माइल भी काफी ज्यादा प्यारी लग रही है।

**स्टाइलिश साड़ी में दिखीं खूबसूरत :** कियारा आडवाणी की स्टाइलिस्ट लक्ष्मी लेहर ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक्ट्रेस की तस्वीरों को शेयर किया है। कियारा ने डिजाइनर कपड़ों के लेबल वरुण निधिका के गोल्ड कलेक्शन की अलमारियों से बेज रंग के ब्लाउज संग एक एंब्रॉयडकी काले रंग की प्री-ड्रेप्ड साड़ी पहनी है। इस साड़ी में एक पारंपरिक सिल्हूट भी है।

**स्टाइलिश है डिजाइन :** इस साड़ी को प्री-ड्रेप्ड सेक्विन डिजाइन, झिलमिलाते डायनामेंट्स और जटिल थ्रेडवर्क से सजाए गए हैं। साड़ी में एक फिशकट जैसा सिल्हूट, फर्श-ग्राजिंग हेम लंबाई, शोल्डर-ड्रैपिंग पल्लू, स्लीवलेस ब्लाउज, एक प्लंजिंग नेकलाइन और एक फिगर-हगिंग सिल्हूट भी है। कियारा ने स्टेटमेंट रिंग और मैचिंग कुंदन से सजी झुमकी सहित लेटेस्ट एक्सेसरीज के साथ इस स्टाइलिश आउटफिट को स्टाइल किया। इसी के साथ सेंटर-पार्टेड ओपन वेवी ट्रेस, ग्लॉसी मौवे लिप शेड, एक प्यारी काली बिंदी, डार्क ब्रो, शिमरी आई शैडो, मस्कारा से सजी पलकें, स्लीक आईलाइनर और ग्लोइंग ब्लश्ड स्किन ने ग्लैम पिक्स को पूरा किया।

**रिसेप्शन या कॉकटेल इवेंट के लिए है बेस्ट :**
इस तरह की साड़ी रिसेप्शन पार्टी या कॉकटेल इवेंट के लिए एकदम सही आउटफिट है। इस लुक को स्टाइल करने के लिए कुछ टिप्स आप कियारा से ले सकते हैं।



## सर्दियों में गर्मा-गर्म बेसन का हलवा, बेहद आसान है रेसिपी



सर्दियों में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले डेजर्ट में बेसन के हलवे का नाम भी शामिल है। यह हलवा न सिर्फ खाने में बेहद स्वादिष्ट होता है बल्कि तासीर गर्म होने की वजह से हेल्दी भी होता है...



• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

सर्दियों में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले डेजर्ट में बेसन के हलवे का नाम<sub>m</sub> भी शामिल है। यह हलवा न सिर्फ खाने में बेहद स्वादिष्ट होता है बल्कि तासीर गर्म होने की वजह से व्यक्ति को सर्दी-जुकाम से भी दूर रखता है। अगर आप भी वीकेंड को टेस्टी और हेल्दी बनाना चाहते हैं तो ट्राई करें गर्मा-गर्म बेसन का हलवा।

**बेसन का हलवा बनाने के लिए सामग्री-**

- √ बेसन - 1 कप
- √ चीनी - 1 कप
- √ घी - 1/3 कप (लगभग 70 ग्राम)
- √ छोटी इलाइची - 4
- √ दूध - 1 कप
- √ पिस्ता - 1 टेबल स्पून

**बेसन का हलवा बनाने का तरीका-**

- √ बेसन का हलवा बनाने के लिए सबसे पहले कड़ाही में थोड़ा सा घी डालकर उसमें बेसन को कुछ देर हल्की आंच पर भून लें।
- √ फिर इसमें दूध डालते हुए भूनते रहें। इसके बाद इसे कुछ देर ढक कर रखने के बाद गैस बंद कर दें। अब पिस्ते को बारीक काट लें और इलायची पीस लें।
- √ अब एक पैन में घी गरम करके उसमें इलायची पाउडर और चीनी, पानी डाल कर चाश्नी तैयार कर लें। फिर इसमें भूना हुआ बेसन डालकर कल्छी की मदद से धीमी और मीडियम आंच पर लगातार चलाते हुए भूनें।
- √ इसे कलछी से चलाते हुए तब तक पकाएं जब तक ये गाढ़ा होकर बर्तन का तला ना छोड़ दे। आपका टेस्टी बेसन का हलवा बनकर तैयार है।

## तांबे के बर्तन में पानी पीना चाहिए या नहीं?



**KNOWLEDGE**

• **जालंधर ब्रीज.** नॉलेज

तांबे में पानी पीने का इतिहास बहुत पुराना है, जो वर्षों से चला आ रहा है। आपने अपने बड़े-बुजुर्गों को तांबे के बर्तन का इस्तेमाल करते हुए शायद जरूर देखा होगा। काफी लोग तांबे के बर्तन में पानी को स्टोर करके रखना और उसे पीना पसंद करते हैं। पहले के समय में अधिकतर लोग तांबे या पीतल के कमंडल में पानी पीते थे और कहा करते थे कि इन बर्तनों में पानी पीना सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। तांबे में जल पीने की परंपरा प्राचीनकाल से चली आ रही है। मगर इस परंपरा से जुड़ी बातों और स्वास्थ्य लाभों में कितनी सच्चाई है? क्या वास्तव में तांबे के बर्तन में पानी पीना फायदेमंद है या सिर्फ एक मिथ है? आइए जानते हैं।

दरअसल, तांबे के कंटेनर में पानी को स्टोर करके रखने और उसे पीने के कई स्वास्थ्य लाभ हैं। हेल्थलाइन के मुताबिक, कॉपर एक जरूरी पोषक तत्व है और शरीर के अलग-अलग कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कॉपर मस्तिष्क और दिल के स्वास्थ्य में सुधार लाने का काम करता है। इसमें जीवाणुरोधी तत्व भी होते हैं। तांबे के कप या बर्तन में 48 घंटे से ज्यादा समय तक पानी स्टोर करके रखने से पानी में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया मर जाते हैं।

**कब्ज और एसिडिटी को रोकने में मददगार :** कॉपर डाइजेशन सिस्टम में सुधार लाने में भी काफी मदद करता है और कब्ज और एसिडिटी को रोकता है। कॉपर में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी होते हैं। यही वजह है कि ये रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने का भी काम करता है। तांबे के बर्तन में रखे गए पानी में एल्कलाइन होता है, इसलिए इस पीने को पीने से शरीर को ठंडक भी मिलती है। प्राचीन आयुर्वेदिक ग्रंथों के मुताबिक, तांबे के कमंडल में पानी पीने से शरीर के तीन दोष वात, पित्त और कफ ठीक हो जाते हैं। भोजन खाने और पचाने से टॉक्सिन्स निकलते हैं और बॉडी में हीट पैदा होती है। तांबे में रखा एल्कलाइन पानी शरीर के एसिड को बैलेंस करता है और शरीर को कूल रखने की कोशिश करता है। गर्मियों के मौसम तांबे का पानी पीना सबसे सही रहता है।

## बीमार होने से बचे : कड़कड़ाती ठंड में फेफड़ों की सुरक्षा है जरूरी

**कोहरे में अस्थमा के मरीजों को ख्याल रखने की सलाह दी जाती है लेकिन सामान्य व्यक्तियों को भी सेहतमंद रहने के लिए फेफड़ों की सुरक्षा के लिए दिनचर्या में इन चीजों को शामिल करना चाहिए।**

**HEALTH+**



• **जलंधर ब्रीज.** हेल्थ

सर्दी का सितम दिन पर दिन बढ़ता ही जा रहा है। खासतौर पर दिल्ली और एनसीआर में कोहरे और ठंड ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया है। ऐसे में जरूरी है कि सेहत का ख्याल रखा जाए। इन दिनों युवावर्ग में बिना स्वास्थ्य समस्याओं के हार्ट



अटैक आने का खतरा देखा जा रहा है। सर्दी के मौसम में हवाएं रूखी सी हो जाती हैं जिनमे नमी का नामोनिशान नहीं रहता। ऐसे में हवा में प्रदूषण और कोहरा मिलकर फेफड़े पर असर दिखाने लगता है। केवल अस्थमा के मरीज ही नहीं बल्कि सामान्य लोगों को भी सांस की समस्या पैदा होने का खतरा रहता है। अगर सर्दी के इन दिनों में खुद को स्वस्थ रखना चाहते हैं तो इस तरह से फेफड़े की देखभाल करें।

**सांस लेने में होने लगती है समस्या :** सर्दियों के मौसम में अस्थमा के मरीजों को तो सांस लेने में दिक्कत होती ही है। सामान्य व्यक्तियों को भी सर्दी की वजह से वायरल इंफेक्शन, निमोनिया, कफ, खांसी, छींक के साथ सांस लेने में दिक्कत होने लगती है। इन सारी समस्याओं से बचकर रहना है तो जरूरी है कि खुद की खास देखभाल की जाए। सर्दियों में इस तरह की जीवनशैली और तौर-तरीकों को अपनाकर आप भी खुद को कोहरे और स्मॉग से होने वाले नुकसान से खुद को बचा सकते हैं।

**क्या करें :** कोहरा और स्मॉग अगर ज्यादा हो रहा है तो जरूरत पड़ने पर ही घर से बाहर निकलें अन्यथा घर के अंदर रहने में ही समझदारी है। बाहर निकलने पर मास्क लगाना हर तरीके से सुरक्षित है। ये आपको कोविड 19 जैसी बीमारियों से बचाने के साथ ही प्रदूषण युक्त हवा को सीधे नाक में जाने से रोकने में भी मदद करेगा।

**रहें एक्टिव :** भले ही आपको घर में रहने की सलाह दी जा रही हो लेकिन शारीरिक गतिविधियां जरूरी है। आप जिम में या घर के आसपास चालीस मिनट की हल्की वॉक जरूर करें। अगर आप कसरत करना पसंद करते हैं तो भी शरीर पर बहुत सारे दबाव डालने वाली कसरत करने से खुद को रोकना चाहिए।

**पानी पिएं :** सर्दियों के मौसम में अक्सर लोग तरल पदार्थ को लेने के मामले में लापरवाही करते हैं। खासतौर पर प्यास ना लगने की स्थिति में लोग पानी पीना ही भूल जाते हैं। अगर आप चाहते हैं कि फेफड़े स्वस्थ रहें तो पानी की पर्याप्त मात्रा जरूर लें। इससे डिहाइड्रेशन की समस्या नहीं परेशान करेगी और शरीर में पहुंचे हानिकारक प्रदूषण के कण पानी की मदद से बाहर निकल जाएंगे।

**हेल्दी डाइट :** सर्दियो का लुत्फ अक्सर लोग परांठे और तरह-तरह के व्यंजन खाकर उठाते हैं। स्वस्थ शरीर के लिए सही आहार बेहद जरूरी है इसलिए सर्दियों में ज्यादा मात्रा में तला-भुना या अनहेल्दी फूड लेने से खुद को रोकें। अनहेल्दी फूड खाने की आदत आपको मुश्किल में डाल सकती है। फाइबर और मिनरल्स से भरपूर भोजन इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करता है, जिससे हम बीमारियों से आसानी से लड़ पाते हैं।

**धूम्रपान से रहें दूर :** धूम्रपान और तंबाकू फेफड़े के सबसे बड़े दुश्मन हैं। खासतौर पर सर्दियों के मौसम में कोहरा और स्मॉग स्मोक करने वालों में सांस लेने से संबंधित बीमारियों को बढ़ा देता है। इसलिए जितना हो सके धूम्रपान से दूर रहें। ये आपके साथ ही आसपास के लोगों में भी सांस की समस्याएं पैदा कर देता है।

**लें खुली हवा :** सर्दी से बचने के लिए लोग घर की खिड़की और दरवाजों को बिल्कुल बंद करके रखते हैं। जबकि घर में वेंटिलेशन बेहद जरूरी है, खासतौर पर सुबह के समय, सूरज निकलने के समय ताजी हवा आपको फेफड़ों को सुरक्षित करने में मदद करेगी।

# हरियाणा में फिर छोरियों पर संकट! इन 5 जिलों में लिंगानुपात 900 से भी नीचे पहुंचा

• **जालंधर ब्रीज.** हरियाणा

**हरियाणा में साल 2022 के लिंगानुपात के चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। जहां जन्म के समय लिंगानुपात 900 से भी नीचे चला गया है। आंकड़ों के मद्देनजर स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने जांच के आदेश दिए हैं।**



अपनी छोरियों को छोरों से कम न आंकने वाले राज्य हरियाण में फिर एक बार लिंगानुपात के डराने वाले आंकड़े सामने आए हैं। लिंगानुपात के लिए कुख्याता राज्य हरिणाया की स्थिति में सुधार नहीं आ रहा है। साल 2022 के आंकड़ों पर गौर करेंगे तो स्थिति और भी खराब नजर आ रही है, जहां जन्म के समय प्रति 1000 पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या 900 से नीचे चली गई है।

साल 2022 में हरियाणा के पांच जिलों में जन्म के समय लिंगानुपात छह साल में पहली बार प्रति 1000 पुरुषों की तुलना में 900 महिलाओं से भी नीचे गिर गया है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने इस तरह के आंकड़े को लिंग जांच के रैकेट्स को जिम्मेदार ठहराया है। आंकड़ों पर गौर करें तो हिसार (904), करनाल (903), कुरुक्षेत्र (893), फरीदाबाद (892) और रेवाड़ी (883) के 2022 में जन्म के समय लिंगानुपात में गिरावट दर्ज की गई है। जाहिर है यह मनोहर लाल खट्टर की सरकार के लिए खतरे की घंटी है।

रिपोर्ट में बताए गए आधिकारिक डेटा के मुताबिक हिसार, करनाल, फरीदाबाद, झज्जर, कुरुक्षेत्र और रेवाड़ी का जन्म के समय लिंगानुपात 2016-17 में दर्ज किए आंकड़ों से भी नीचे चले गए हैं, जहां 2021 तक लगातार वृद्धि दर्ज की गई थी। मिसाल के तौर पर कुरुक्षेत्र में जन्म के समय लिंगानुपात 2017-18 में 924 था जिसमें लगातार सुधार होता रहा लेकिन यह पिछले साल अचानक यह घटकर 893 हो गया।

हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा, "हम पांच जिलों के जन्म के समय गिरते लिंगानुपात में आई गिरावट से चिंतित हैं। हमने उन लिंग जांच करने वाली रैकेट्स पर छापेमारी करने और अल्ट्रासाउंड मशीनों और अन्य उपकरणों की जांच के निर्देश दिए हैं। किसी तरह की ढिलाई को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।"

विज ने कहा कि उन्होंने जन्म के समय गिरने वाले लिंगानुपात से निपटने वाले फील्ड स्टाफ प्रभारी को सात दिन का समय दिया है और चेतावनी दी है कि किसी भी स्थिति में ढिलाई के लिए स्वास्थ्य विभाग के किसी भी अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा।

2022 में हरियाणा में लिंगानुपात प्रति 1,000 पुरुषों पर 917 महिलाएं दर्ज किया गया है। जन्म के समय लिंगानुपात के आंकड़ों का ठीक होना सेक्स रेशियो के बेहतर होने का संकेत होता। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2019-21) के पांचवें दौर के आंकड़ों के मुताबिक, जन्म के समय का लिंगानुपात का राष्ट्रीय आंकड़ा प्रति 1000 पुरुषों पर 929 महिलाओं का है।

बता दें जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी 2015 को पानीपत से 'बेटी बचाओ, बेटी पढाओ' अभियान की शुरुआत की थी तब दिसंबर 2015 में हरियाणा का कुल जन्म के समय लिंगानुपात 876 था। 2014 नागरिक पंजीकरण प्रणाली (CRS) के अनुसार 2019 में अब तक के उच्चतम 923 और दिसंबर 2020 में प्रति 1,000 पुरुषों पर 922 महिलाओं का आंकड़ा दर्ज किया गया था।

वहीं मुस्लिम बहुल जिला मेवात में आशा की किरण नजर आई है जहां 2012 से जन्म के समय लिंगानुपात 916, 917, 918, 913, 912, 908, 918, 921, 939, 926 और 936 रहा है।

## सीबीआई की एफसीआई के 50 से अधिक स्थानों पर छापेमारी, डीजीएम व निजी कंपनी का मालिक गिरफ्तार

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली



सीबीआई ने एफसीआई में एवं अन्यों के साथ चैनलाइज्ड/प्रणालीकृत भ्रष्टाचार के अवैध सांठगांठ के विरुद्ध एक बड़े अभियान में पंजाब एवं हरियाणा राज्यों में चंडीगढ़, दिल्ली, पटियाला, रोपड़, सुनाम, मोहाली, अंबाला आदि सहित 50 से अधिक स्थानों पर तलाशी ली है। विभिन्न इनपुट्स के आधार पर, अनुचित लाभ आदि प्राप्त करने के लिए एफसीआई के कुछ कर्मियों को अनुचित रिश्वत देकर पिछले 6 महीनों के दौरान एफसीआई के कर्मियों, निजी चावल मिल मालिकों और अनाज व्यापारियों द्वारा अपनाई गई भ्रष्ट प्रथाओं के संबंध में कार्रवाई योग्य इनपुट इकट्ठा करने, आरोपियों की पहचान करने, आदि के लिए 'ऑपरेशन कनक' नाम से एक व्यापक अभ्यास चलाया गया था। एफसीआई के सेवारत (34) एवं सेवानिवृत्त कर्मियों (3), निजी व्यक्तियों (17) और अन्य संस्थाओं आदि सहित 74 आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया। ऐसा आरोप है कि पश्चपात प्राप्त करने के लिए निजी गिरोह संचालको ने एफसीआई कर्मियों को भारी रिश्वत दी। आगे यह आरोप है कि निजी चावल मिल मालिक और अनाज व्यापारी निम्न गुणवत्ता वाले खाद्यान्नों की खरीद को समायोजित करने, खाद्यान्नों को उतारने में दिन-प्रतिदिन के कार्यों में कदाचार, विभिन्न कदाचारों के विरुद्ध जांच को प्रभावित करने आदि में लाभ प्राप्त करने के लिए एफसीआई कर्मियों को रिश्वत दे रहे थे। यह भी आरोप है कि कर्मियों ने राइस मिल मालिकों के साथ षड्यंत्र में स्टॉक में कमी को कवर किया एवं कम गुणवत्ता वाले खाद्यान्न को स्वीकार किया, जो देश के अन्य हिस्सों में ले जाया गया। बदले में राइस मिल मालिकों ने तकनीकी सहायकों, डीजीएम, एजीएम, और यहां तक कि कार्यकारी निदेशक सहित एफसीआई के कर्मियों को कथित रूप से चैनलाइज्ड/ प्रणालीकृत भ्रष्टाचार के रूप में भारी मात्रा में रिश्वत देते हैं।

सीबीआई ने इस अभियान के तहत जाल बिछाया। दोनों गिरफ्तार आरोपियों को सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश, चंडीगढ़ की अदालत में पेश किया गया एवं उन्हें 5 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

# दिमाग में बैठ गई ठंड, राहुल पर बीजेपी का पलटवार, 'महाभारत ज्ञान' पर भी तंज

*राहुल गांधी के महाभारत ज्ञान पर तंज कसते हुए मध्य प्रदेश के गृहमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि हो सकता है कि उन्होंने महाकाव्य का इटालियन वर्जन पढ़ लिया हो।*

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली



राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) की तुलना कौरवों से किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जोरदार पलटवार किया है। राहुल के महाभारत ज्ञान पर तंज कसते हुए मध्य प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि हो सकता है कि उन्होंने महाकाव्य का इटालियन वर्जन पढ़ लिया हो। साथ ही यह भी कहा कि उनके दिमाग में ठंड बैठ गई है, जिसकी वजह से वह इस तरह की बातें कर रहे हैं।

नरोत्तम मिश्रा ने बुधवार को भोपाल में पत्रकारों से बातचीत में कहा, 'पता नहीं बाबा हमारा कौन सी महाभारत पढ़ आया। मैंने पहल ही कहा था कि कोई बताओ इसको (राहुल गांधी) की ठंड आ गई है। अब दिमाग में अखंड ठंड बैठ गई है। अब ये कौरवों को नेकर पहने हुए बता रहे हैं, कल पांडवों को टीशर्ट में बताएंगे आप देखना। लगता है कि इसने इटालियन संस्करण पढ़ लिया होगा महाभारत का।'

राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान सोमवार को अंबाला की एक नुक्कड़ सभा में आरएसएस सदस्यों को '21 वीं सदी का कौरव' कहा था। उन्होंने आरएसएस का परोक्ष जिक्र करते हुए कहा, 'कौरव कौन थे? पहले मैं आपको 21वीं सदी के कौरवों के बारे में बताऊंगा। वे खाकी निकर पहनते हैं, हाथ में लाठी लेकर चलते हैं और शाखाएं लगाते हैं। भारत के दो-तीन अरबपति कौरवों के साथ खड़े हैं।' उन्होंने कहा, 'क्या पांडवों ने नोटबंदी या गलत जीएसटी जैसा कोई फैसला किया था? क्या वे ऐसा कभी भी करते? कभी नहीं। क्यों? क्योंकि वे तपस्वी थे और जानते थे कि नोटबंदी, गलत जीएसटी, कृषि कानून तपस्वियों को इस धरती से हटाने का तरीका है।'

**कमलनाथ को बताया 'पलटनाथ' :** नरोत्तम मिश्रा ने एक अन्य सवाल के जवाब में मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ को पलटनाथ कहकर हमला किया। कमलनाथ कि ओर से पहले भाजपा नेताओं की कथित अश्लील सीडी को पहले पूरा देखने का दावा करने और अब केवल 20-30 सेकेंड देखने की बात कहने को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में मिश्रा ने कहा, 'पलटनाथ एक नाम है। आप मीडिया के बंधु इस बात के साक्षी हो, इसी प्रकरण में एक सप्ताह में यह दूसरा बयान है पलटने का। पूरा प्रदेश जानता है कि मुख्यमंत्री कि ये 10 दिन में किसानों के 2 लाख करोड़ का कर्ज माफ नहीं तो मुख्यमंत्री बदलने के बयान से पलटे, ये नौजवानों को बेरोजगारी भत्ते पर पलटे, इन्होंने पेट्रोल-डीजल की कीमत कम करने की बात कही और और आने के बाद बढ़ा दिए, इस पर पलटे। कर्मचारियों के डीए पर पलट गए, अब ये सतना के बयान से पलट गए तो कौन सी बड़ी बात है। ये पलटनाथ हैं।'

# खस्ताहाल पाकिस्तान में सब्सिडी वाले आटे के लिए मचा हाहाकार, लोग मरने मारने तक को तैयार

*आटा बांटने के दौरान छीना झपटी, भगदड़ रोकने के लिए बिक्री वाहनों के साथ हथियारबंद पुलिस को तैनात हैं। पाकिस्तान के कराची, इस्लामाबाद, पेशावर, क्वेटा, बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा में स्थिति बेकाबू है।*

• **जालंधर ब्रीज.** वर्ल्ड न्यूज



आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान में आटे के लिए हाहाकार मचा हुआ है। सब्सिडी वाला आटा पाने के लिए लोग घंटों लाइन में लगे रहे। कुछ स्थानों पर आटा बांटने के दौरान भगदड़ और झड़प भी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, हजारों लोग रोजाना सब्सिडी वाले आटे की थैलियां लेने के लिए घंटो लाइन में लग रहे हैं। ये आटा 65 रुपये प्रति किलो की दर से दिया जा रहा है। मांग ज्यादा और आपूर्ति न के बराबर होने के कारण स्थिति धीरे-धीरे बिगड़ रही है।

**गेहूं का स्टॉक पूरी तरह खत्म :** बलूचिस्तान के खाद्य मंत्री जमारक अचकजई ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि प्रांत में गेहूं का स्टॉक पूरी तरह खत्म हो गया है। पंजाब के मुख्यमंत्री परवेज इलाही ने पूरा स्टॉक भेजने का वादा किया है, लेकिन वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि सरकार से छह लाख बैग की मांग की गई थी, लेकिन मात्र एक लाख बोरी गेहूं ही प्राप्त हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर समय से मदद नहीं पहुंची तो संकट और गहरा सकता है। उन्होंने बताया कि गेहूं के लिए बलूचिस्तान 85 फीसदी पंजाब और सिंध पर निर्भर है।

**सिंध में आटा लेने के लिए धक्का-मुक्की :** सिंध प्रांत के शहीद बेनजीराबाद के सकरंद कस्बे में एक आटा चक्की के बाहर सरकारी दर पर आटा खरीदते समय भगदड़ मचने से दो महिलाएं और एक नाबालिग लड़की घायल हो गयी। खैबर पख्तूनख्वा के निवासियों ने गेहूं के आटे की कमी की शिकायत की है। उधर, पीओके में गिलगित-बाल्टिस्तान के स्थानीय लोग ने कठोर व्यापार कानून, जमीन पर जबरन अवैध कब्जों के विरोध में मंगलवार को प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों ने रेवेन्यू टैक्स 2022 को फिर से लागू करने पर चिंता जताई है।

**सरकार ने पुलिस को किया तैनात :** आटा बांटने के दौरान छीना झपटी, भगदड़ अव्यवस्था रोकने के लिए सरकार ने बिक्री वाहनों के साथ हथियारबंद पुलिस को तैनात किया है। पाकिस्तान के कराची, इस्लामाबाद, पेशावर, क्वेटा, बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा में मांग ज्यादा आपूर्ति कम है। सब्सिडी वाला आटा खरीदने के लिए लोग मरने मारने तक को तैयार हैं।

**मदद देगा अमेरिका :** अमेरिका ने पाक में पिछले वर्ष आई बाढ़ से उबरने व पुनर्निर्माण के प्रयासों के लिए उसे अतिरिक्त 10 करोड़ डॉलर देने की घोषणा की है।

## महंगाई के ताप से बचा सकती है कड़कड़ाने वाली ठंड, गेहूं की बंपर पैदावार के आसार

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली



जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर देने वाली ठंड खेती और महंगाई कम करने में मददगार साबित हो सकती है। जानकार ऐसी संभावनाएं जता रहे हैं। कहा जा रहा है कि ठंड की वजह से कई बड़े उत्पादक राज्यों में अनाज के अलावा जौ, ज्वार, दालों और तिलहन की पैदावार भी अच्छी हो सकती है। भारत के कई राज्य गिरते तापमान का सामना कर रहे हैं। हालांकि, भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने जल्दी ठंड से कुछ राहत मिलने का अनुमान लगाया है।

देश के वार्षिक उत्पादन का आधा हिस्सा माने जानी वाली सर्दियों की फसलें खाद्य क्षेत्र की महंगाई को कम करने में मदद कर सकती हैं। साथ ही इनके जरिए चावल और गेहूं के स्टॉक को भी दोबारा भरना आसान साबित होगा। साल 2022 में मौसम की मार के चलते उत्पादन खासा प्रभावित हुआ था। जानकारों का कहना है कि मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश जैसे बड़े उत्पादकों के लिए ठंड मददगार हो सकती है।

आईग्रेन इंडिया में विश्लेषक राहुल चौहान कहते हैं, 'हमारा अनुमान है कि गेहूं का उत्पादन 111-112 मिलियन टन के आसपास होगा। ठंड ने फसल के विकास के लिए जरूरी चिल फैक्टर मुहैया करा दिया है। किसानों ने ऊंची कीमतों के चलते गेहूं के मामले में क्षेत्र का विस्तार किया है।'

गर्मी ने डाला था असर

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2022 की गर्मी ने भारत के गेहूं उत्पादन को 109.59 मिलियन टन से कम कर 106.84 मिलियन टन पर पहुंचा दिया था। अनुमान लगाया गया कि इसके बाद आए मानसून ने चावल की पैदावार को 5-6 फीसदी कम कर दिया था। इसके चलते अनाज की कीमते बढ़ गई थीं।

कृषि मंत्रालय के डेटा बताता है कि किसानों ने 33.2 मिलियन हेक्टेयर में गेहूं की बुवाई की थी। जबकि, सामान्य तौर पर यह आंकड़ा 30.2 मिलियन हेक्टेयर होता था। साथ ही किसानों ने 9.5 मिलियन हेक्टेयर में सरसों की बुवाई की है, जो पांच साल के औसतन 6.3 मिलियन हेक्टेयर से ज्यादा है। मौसम विभाग के पूर्व वैज्ञानिक एके साहनी बताते हैं कि फसलों के विस्तार के लिए मौसम अब तक अनुकूल रहा है। उन्होंने बताया कि जनवरी और फरवरी में ठंडा मौसम अनाज को तैयार होने के लिए जरूरी है।

# समुद्र में पिछड़ता भारत, श्रीलंका भी ताकतवर; महाशक्ति बनने में बंदरगाह रोड़ा

*मुंद्रा पोर्ट से तीन साल पहले ही वियतनाम में APL Raffles जैसा ही बड़ा जहाज आ चुका था। यह दिखाता है कि एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था कारोबार के मामले में किस तरह से पिछड़ रही है।*

• **जालंधर ब्रीज.** वर्ल्ड न्यूज



वैश्विक मंच पर महाशक्तियों का मुकाबला करने के लिए भारत तेजी से बढ़ रहा, लेकिन कहा जा रहा है कि बंदरगाहों के लिहाज से अपर्याप्त व्यवस्था इस मुहिम को कमजोर कर सकती है। इसके चलते ही देश में कई बड़े कंटेनर शिप्स नहीं आ रहे हैं। हालांकि, साल 2024 और 2028 तक ऐसे कुछ केरल और महाराष्ट्र में व्यवस्थाओं के बढ़ने की संभावनाएं हैं।

भारतीय तटों पर बने कई बंदरगाह इतने गहरे नहीं है, जो एवर लॉट जैसे दुनिया के सबसे बड़े बॉक्सशिप को ठहरा सकें। जबकि, हाल ही के महीनों में पड़ोसी श्रीलंका और और मलेशिया में कई बार 400 मीटर लंबे एवर लॉट का आना जाना हुआ। भारत के सबसे बड़ी सरकारी कंटेनर फेसिलिटी जवाहर नेहरू पोर्ट ट्रस्ट में 17 मीटर ड्राफ्ट की कमी है, जो इतने बड़े जहाजों को आने के लिए जरूरी है।

हालांकि, उद्योगपति गौतम अडाणी संचालित मुंद्रा पोर्ट का कहना है कि उनके पास यह क्षमता है। यह अब तक ठहरने वाला सबसे बड़ा जहाज 17,292-TEU APL Raffles है, जो जनवरी में यहां रुका था। खास बात है कि मुंद्रा से तीन साल पहले ही वियतनाम में APL Raffles जैसा ही बड़ा जहाज आ चुका था। यह दिखाता है कि एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था कारोबार के मामले में किस तरह से पिछड़ रही है।

जानकारों का कहना है कि बड़े जहाज बड़े स्तर पर अर्थव्यवस्था को रफ्तार देते हैं, लेकिन वेसल का साइज बढ़ाना ही काफी नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सड़कें, रेल मार्ग, वेयरहाउस और दुकानों को भी बेहतर करने की जरूरत है।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की साल 2022 की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि कमजोर शिपिंग कनेक्टिविटी ने वैश्विक व्यवस्था में भारत के शामिल होने की कोशिशों पर असर डाला है। कहा जा रहा है कि कमजोर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्पादन के मामले में जीडीपी के 14 फीसदी से बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने के लक्ष्य को कमजोर कर रहा है। साथ ही यह 2027 तक वैश्विक निर्यात को 3 फीसदी बढ़ाने के लक्ष्य पर भी असर डाल रहा है।

जानकारों का कहना है कि भारत में बंदरगाहों की मौजूदा व्यवस्था और टर्मिनल इंफ्रास्ट्रक्चर के चलते बड़े जहाजों का पूरी तरह इस्तेमाल होनें की संभावनाएं सीमित हो जाती हैं। एक अन्य एक्सपर्ट ने बताया कि मेरिटाइम क्षमताओं के बढ़ना चीन और दूसरे हब से मुकाबला करने में अहम साबित होंगे।

कंटेनर गुजरने को लेकर बाद करें, तो लंदन की CEIC डेटा के एनालिसिस से पता चलता है कि दिसंबर 2020 तक भारत का TEU यानी ट्वेंटी फुट इक्विवेलेंट यूनिट्स 16 मिलियन था। जबकि, चीन का यह आंकड़ा 245 मिलियन पर था। हालांकि, दुनिया के बेड़े में 17 मीटर ड्राफ्ट वाले कंटेनर की संख्या केवल 0.7 फीसदी ही है, लेकिन चीन और यूरोप के कारोबार में यह अहम साबित हो रहे हैं।

**भारत में व्यवस्था :** केरल के विझिनजम पोर्ट पर 20 से 24 मीटर ड्राफ्ट की व्यवस्था है, जहां बड़े जहाज ठहर सकते हैं। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि इसका संचालन 2024 तक शुरू हो सकता है। इसके अलावा महाराष्ट्र में एक अन्य पोर्ट पर 18 मीटर का ड्राफ्ट है, जिसका काम 2028 तक पूरा हो जाएगा।

# सेवा केन्द्रों के 33 कर्मचारी बढ़िया काम करने के लिए सम्मानित

## डीसी ने पंजाब भर में सबसे कम पैडेंसी को बनाए रखते, नागरिक सेवाओं के वितरण में महत्वपूर्ण सुधार लाने के प्रयासों की प्रशंसा की

• जालंधर ब्रीज.जालंधर



डिप्टी कमिश्नर जसप्रीत सिंह ने गुरुवार को सेवा केंद्र के 33 स्टाफ सदस्यों को सम्मानित किया, जिन्होंने सेवा केंद्रों में सेवाएं प्रदान करने और सेवा केंद्रों में कम से कम पैडेंसी के मामले में जालंधर को पंजाब भर में अग्रणी जिला बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

डिप्टी कमिश्नर ने सेवा केंद्र के स्टाफ सदस्यों जिनमें हरप्रीत सिंह, जसप्रीत सिंह, बहादुर सिंह, राजीव कुमार, दीपिका, लवप्रीत कौर, नरेश कुमार, शीला, केवल कृष्ण, रंजीत (डिप्टी कमिश्नर दफ्तर सेवा केंद्र सर्विस ), तरणजीत सिंह,सतबीर (गोराया), मनिंदर, सुधा, करमजीत, संजीव कुमार (नकोदर), अजय (मकसूदा), डिंपल (खुरला किंगरा), जतिंदर (जंडियाला), विजय (बिल्गा), जसपाल सिंह (खुर्रमपुर), अमरजीत और मोता राम (नूरमहल), भारती गौरा (कोट सदीक), प्रीत घट्ट (लम्मा पिंड), अनीता (शाहकोट), सिमरनजीत (लाडोवाली), सोमनाथ (करतारपुर), सुखदेव सिंह और मुकेश (लोहियां), सुनील (आदमपुर), हरमीत सिंह (दमोरिया पुल) , और विजय पाल (मिठू बस्ती) शामिल है को अपनी डियूटी प्रति लग्न और सख्त मेहनत करने के लिए प्रशंसा पत्र दिए।

डिप्टी कमिश्नर ने समय पर नागरिक केंद्रित सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों के दृढ़ संकल्प की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य में भी अपनी डियूटी इसी कुशलता से निभाने को कहा। सेवा केंद्र के कामकाज की निगरानी और राज्य में सबसे कम पैडेंसी कायम रखने के लिए जिला जालंधर इससे पहले सुधार की श्रेणी में प्रधानमंत्री पुरस्कारों की शुरूआत में पहुँच गया था। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा केंद्रों में शून्य पैडेंसी सुनिश्चित करने के लिए अधिकारी/कर्मचारी उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखेंगे। डिप्टी कमिश्नर ने यह भी कहा कि प्रशासकीय सुधार विभाग द्वारा आय प्रमाण पत्र, ग्रामीण क्षेत्र प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र में नाम जोड़ने, आय और संपत्ति प्रमाण पत्र, सामान्य जाति प्रमाण पत्र और सीनियर नागरिक पहचान पत्र सहित छह सेवाओं के लिए भौतिक उपस्थिति की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है।

सेवा केन्द्रों के माध्यम से अब तक साढ़े तीन लाख से अधिक लोगों ने निर्बाध और समय पर सरकारी सेवाओं का लाभ लिया जा चुका है। अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर मेजर अमित महाजन व जिला तकनीकी को-आडीनेटर हतिंदर कुमार ने कर्मचारियों का हौसला बढ़ाने के लिए डिप्टी कमिश्नर जसप्रीत सिंह का धन्यवाद किया।

# 34 स्वास्थ्य संस्थानों में आम आदमी क्लीनिक की तर्ज पर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाई जाएंगी : डीसी

• जालंधर ब्रीज.जालंधर



लोगों को उनके घरों के नजदीक बढिया स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने उदेश्य से पंजाब सरकार के निर्देश पर जिले के 34 स्वास्थ्य संस्थानों में आम आदमी क्लीनिक की तर्ज पर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाई जाएंगी, जिनमें 26 ग्रामीण और आठ शहरी प्राईमरी स्वास्थ्य केंद्र शामिल है। शहरी प्राईमरी स्वास्थ्य केंद्र भारगो कैंप, जहां आम आदमी क्लीनिक की तर्ज पर स्वास्थ्य सेवाओं का कार्य प्रगति पर है, का निरीक्षण करने पहुंचे डिप्टी कमिश्नर जसप्रीत सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों में आम आदमी क्लीनिक जैसी स्वास्थ्य सेवाएं देने का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है और आवश्यक तैयारियों को संबंधित कार्यकारी एजेंसियों द्वारा तेजी से लागू किया जा रहा है ताकि निर्धारित समय में बढिया स्वास्थ्य सेवाएं शुरू की जा सकें। सिविल सर्जन डा.रमन शर्मा सहित स्वास्थ्य संस्थानों में चल रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि इन स्वास्थ्य संस्थानों में प्राईमरी स्वास्थ्य केंद्र अर्जनवाल, रायपुर रसूलपुर, जंडियाला, रुड़का कलां, पंडोरी निजरा, बुटरा, उग्गी, दयालपुर, दोसांझ कलां, नगर, बोलिना जमशेर खास, रायपुर फराला, गोराया, बलोकी, गिद्दरपिंडी, लसूडी, बिलगा, कोट बादल खां, तलवन, माओ साहिब, चिट्टी, रंधावा मसंदा, मल्लियां कलां, सरीह और रुपेवाल शहरी प्राईमरी स्वास्थ्य केंद्र धनोवाली, काजी मंडी, मकसूदा, भारगो कैंप, बस्ती दानिशमंदा, सीडी गांधी नगर, नागरा और दकोहा शामिल है जहां आम आदमी क्लीनिक की तर्ज पर स्वास्थ्य सेवाओं का अपग्रेड किया जा रहा है। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि यहां एक मैडीकल अधिकारी, फार्मासिस्ट, क्लीनिकल सहायक और हैल्पर सहित चार अधिकारियों/कर्मचारियों के स्टाफ की तैनाती के साथ ही यहां 41 प्रकार की मैडीकल जांच नि:शुल्क करवाई जाएगी और अन्य स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों में स्वास्थ्य सेवाओं के अपग्रेड होने से ग्रामीण और शहरी आबादी को बहुत लाभ होगा। इस दौरान डिप्टी कमिश्नर ने गांधी कैंप के इलावा पीएचसी गांव रंधावा मसंदा का भी दौरा किया और वहां स्वास्थ्य सेवाओं के अपग्रेडशन संबंधी चल रहे कार्यो की समीक्षा की। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# सांसद अरोड़ा ने फिल्लौर में पंजाब पुलिस अकादमी का किया दौरा

## मजार में आने वाले बुजुर्गों और विकलांगों के लिए दी गई इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट

• जालंधर ब्रीज.लुधियाना



लुधियाना से आम आदमी पार्टी के सांसद (राज्यसभा) संजीव अरोड़ा ने आज फिल्लौर में सबसे प्रतिष्ठित पंजाब पुलिस अकादमी का दौरा किया और किला के कामकाज और उत्थान पर विस्तार से चर्चा की, जहां यह स्थित है। अनौपचारिक बैठक में अनीता पुंज, एडीजीपी एवं डायरेक्टर, पंजाब पुलिस अकादमी, डॉ नरिंदर भार्गव, आईपीएस और रुपिंदर सिंह, पीपीएस उपस्थित थे। चर्चा के बाद अरोड़ा ने सरकार के साथ मुद्दों को उठाने और किसी भी रुके हुए काम को जल्द से जल्द पूरा करने का वादा किया। उन्होंने फिल्लौर के महाराजा रणजीत सिंह किले के परिसर में स्थित पीर बाबा अब्दुल्ला शाह जी की ऐतिहासिक मजार का भी दौरा किया। उन्होंने मजार पर सम्मान के तौर पर 'चादर' पेश की और श्रद्धा पूर्वक अपना सिर झुकाया।

इस अवसर पर अरोड़ा ने सीएसआर फंड से मजार पर आने वाले बुजुर्गों और विकलांगों की सुविधा के लिए एक इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट सौंपी। उन्होंने कहा, "इस पवित्र स्थान की मेरी यात्राओं के दौरान, मैंने दृढ़ता से महसूस किया कि इस सुविधा की सख्त जरूरत है।" यहां यह उल्लेख किया जा सकता है कि अरोड़ा पीर बाबा अब्दुल्ला शाह जी के कट्टर अनुयायी हैं और वह अक्सर वहां चादर चढ़ाने और मत्था टेकने आते हैं। ऐसे भी दिन थे जब वे एक भी गुरुवार को मजार जाने से नहीं चूकते थे। यदि वह यात्रा कर रहे होते तो किसी अन्य को चादर चढ़ाने के लिए भेजते थे। अरोड़ा ने अपने खर्चे पर पूरे मजार क्षेत्र का जीर्णोद्धार करने की पेशकश की।

# रोजगार ब्यूरो ने परीक्षा प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए पुस्तके बाँटी



• जालंधर ब्रीज.कपूरथला

जिला प्रशासन और रोजगार ब्यूरो की तरफ से युवाओं को पंजाब पुलिस में भर्ती के लिए सक्षम बनाने के लिए 'मिशन खाकी'- हर मैदान फतेह अधीन एक विशेष सैशन आयोजित किया गया। इसमें लुधियाना ब्यूरो के अधिकारी जीवनदीप सिंह, रोजगार उत्पति, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण अधिकारी ने सैशन में भाग लेने वालों को वर्तमान राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय और पंजाब मामलों की जानकारी दी। बता दे कि पंजाब सरकार की तरफ से पंजाब पुलिस में 800 कांस्टेबल और 300 इंस्पेक्टर की पुलिस में भर्ती की जानी है, जिसके लिए युवाओं को शारीरिक जांच और लिखित परीक्षा की तैयारी करवाई जाती है। रोजगार ब्यूरो कपूरथला की प्रमुख नीलम महे ने कहा कि सरकार के स्टाफ सिलैक्शन बोर्ड ने भर्ती के लिए वर्ष 2023 का संभावित कैलेंडर भी जारी किया है, जिसके अनुसार विभिन्न पदों पर युवाओं को बड़े पैमाने पर अवसर मिलेंगे। इस अवसर पर परीक्षार्थियों के अनुरोध पर ब्यूरो ने पंजाबी भाषा में परीक्षाओं के लिए तैयार किए गए कोर्स से संबंधित किताबें भी निःशुल्क प्रदान की।

# भारत में दुनिया भर में कुशल कार्यबल प्रदान करने की क्षमता है : एडीजी राजिंदर चौधरी

• पीआईबी चंडीगढ़ ने पंजाब के मालेरकोटला में मिल्ट्स लंच के साथ मीडिया वर्कशॉप - "वार्तालाप" का आयोजन किया

• जालधर ब्रीज.मालेरकोटला




प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) चंडीगढ़ द्वारा आज मालेरकोटला में आयोजित मीडिया कार्यशाला "वार्तालाप" में भाग लेने के दौरान अतिरिक्त महानिदेशक, पीआईबी चंडीगढ़ राजिंदर चौधरी ने कहा, "मीडिया सरकार के लिए आंख और कान है, क्योंकि यह जो फीडबैक इकट्ठा करता है, वह मौजूदा योजनाओं और नीतियों को बेहतर बनाने में मदद करता है।"

कार्यशाला का आयोजन आम नागरिकों के कल्याण के लिए केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में पत्रकारों को जागरूक करने के लिए किया गया था। "वार्तालाप" शीर्षक वाली यह कार्यशाला सूचना और प्रसारण मंत्रालय की मीडिया आउटरीच रणनीति का हिस्सा है और सरकारी योजनाओं और नीतियों के बारे में प्रामाणिक जानकारी के साथ पत्रकारों को सशक्त बनाकर जनता और सरकार के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करने के लिए संकल्पित है।

हमारे दैनिक जीवन में मिल्ट्स (मोटा अनाज) के उपयोग को बढ़ावा देने और 'अंतर्राष्ट्रीय मिल्ट्स वर्ष' के आगमन को उजागर करने के प्रयास में, पीआईबी चंडीगढ़ ने इस कार्यक्रम में 'कोदो की पूरी' और 'कोदो का हलवा' की भी व्यवस्था की थी। एडीजी चौधरी ने बातचीत के दौरान यह भी कहा कि भारत में दुनिया को कुशल कार्यबल प्रदान करने की क्षमता है। उन्होंने यह भी कहा कि पत्रकारों को विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा साझा की जाने वाली सूचनाओं का विस्तार करना चाहिए और जनता के बीच विकास के संदेश को प्रसारित करने में मदद करनी चाहिए।

# असिस्टेंट कमिश्नर मलेरकोटला ने किया दो दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन



• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़

केंद्रीय संचार ब्यूरो, चंडीगढ़ सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आजादी की अमृत महोत्सव व केंद्र सरकार की योजनाओं पर दो दिवसीय प्रदर्शनी का गुरुवार को गुरमीत कुमार असिस्टेंट कमिश्नर मलेरकोटला ने उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी आम जनता के लिए दो दिन के लिए खोल दी गई है। गौरतलब रहे की प्रदर्शनी में आजादी की लड़ाई के महत्वपूर्ण व गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों को चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया है। गुरमीत कुमार ने केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रदर्शनी को सराहा और कहा की इस तरह की प्रदर्शनी निश्चित तौर से यहां के युवाओं को देशभक्ति के लिए प्रेरित करेगी और सरकार द्वारा चलाई जा रही रही योजनाओं मैं भाग लेने के लिए भी प्रेरित करेगी।

# चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने नए विभागों का लिया जायज़ा, कार्यों की समीक्षा की



• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़

चेतन सिंह जौड़ेमाजरा, बाग़बानी, स्वतंत्रता सेनानी सेवाओं एवं कल्याण और फूड प्रोसैसिंग मंत्री, पंजाब जी की अध्यक्षता अधीन राज्य के बाग़बानी विभाग में चल रही गतिविधियों की समीक्षा करने सम्बन्धी पहली बैठक विभाग के प्रशासनिक सचिव, राहुल तिवाड़ी, आई.ए.एस., गगनदीप बराड़, आई.ए.एस सचिव बाग़बानी, पंजाब और शैलिन्दर कौर, आईएफएस, डायरैक्टर बाग़बानी, पंजाब के साथ की गई।

मंत्री जी द्वारा विभाग में चल रही किसान कल्याण योजनाओं के बारे में विचार-विमर्श किया गया। मंत्री जी द्वारा इस बात पर विशेष ज़ोर दिया गया कि राज्य में बाग़बानी के स्तर को ऊँचा उठाने के लिए सरकार यत्नशील है और बाग़बानी कल्याण योजनाओं सम्बन्धी प्रिंट मीडिया के द्वारा अधिक से अधिक प्रचार किया जाए, जिससे किसानों को कृषि विभिन्नता अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके। इस सम्बन्धी डायरैक्टर बाग़बानी, पंजाब द्वारा मंत्री जी को विभाग के बुनियादी ढांचे और किए गए अथवा किए जा रहे विभिन्न प्रयासों के बारे में अवगत करवाया गया।

# जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने अलग-अलग स्थानों से लिए खाद्य पदार्थों के 10 सैंपल

• जालंधर ब्रीज.होशियारपुर



डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल के निर्देशों पर जिले में लोगों को मिलावट मुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के लिए जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. लखवीर सिंह ने बुधवार माहिलपुर व सैलाखुर्द में चैकिंग के दौरान अलग-अलग स्थानों से खाद्य पदार्थों के 10 सैंपल लिए। उन्होंने कहा कि जिले में मिलावटखोरी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी व मिलावटखोरों के खिलाफ फूड सेफ्टी व स्टैंडर्ड एक्ट-2006 के अंतर्गत सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी ताकि पंजाब सरकार के रंगले व स्वस्थ पंजाब के सपने को पूरी तरह से कामयाब किया जा सके।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि उन्होंने बुधवार को मां दुर्गा डेयरी मालिरपुर से खुले दूध, देसी घी, हुंदर मिल्क बार व कंफेक्शरी माहिलपुर से पनीर व बिस्कुट के अलावा सैला खुर्द में रेवड़ी, चाय पत्ती, सरसों का तेल, अलसी, मूंग दाल व देसी घी के सैंपल लिए हैं। उन्होंने कहा कि यह सारे सैंपल फूड टैस्टिंग लेबोरेट्री खरड़ में जांच के लिए भेजे जा रहे हैं और इसकी रिपोर्ट आने के बाद बनती कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि लोगों को खाने पीने वाले साफ सुथरे व शुद्ध पदार्थों की उपलब्धता को यकीनी बनाना समय की मुख्य मांग है।

# केंद्रीय जेल में महिला कैदी व हवालातियों के साथ मनाया लोहड़ी का त्यौहार

• जालंधर ब्रीज.होशियारपुर



जिला एवं सत्र न्यायधीश-कम-चेयरमैन जिला कानूनी सेवाएं अथारिटी दिलबाग सिंह जौहल के नेतृत्व में सी.जे.एम-कम-सचिव जिला कानूनी सेवाएं अथारिटी अपराजिता जोशी की ओर से वीरवार को केंद्रीय जेल होशियारपुर का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय जेल के अंदर बंद हवालातियों की बैरकों को चैक किया व कैदियों व हवालातियों को जेल के अंदर साफ सफाई रखने के लिए कहा।

सचिव जिला कानूनी सेवाएं अथारिटी की ओर से जेल में बंद महिला कैदी व हवालातियों के साथ लोहड़ी का त्यौहार भी मनाया गया। उन्होंने महिला कैदी व हवालातियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपने जीवन में अच्छे काम करें ताकि उनका भविष्य बेहतर हो सके। उन्होंने इस दौरान उन्हें नशे से दूर रहने के लिए भी प्रेरित किया। इस मौके पर उन्होंने सुपरिटेंडेंट केंद्रीय जेल को केंद्रीय जेल में 11 फरवरी को लगने वाली कैंप कोर्ट व 19 जनवरी को लगने वाले मैडिकल कैंप के बारे में भी बताया।

इस अवसर पर उनके साथ सुपरिटेंडेंट केंद्रीय जेल अनुराग कुमार आजाद, डिप्टी सुपरिटेंडेंट अमृतपाल सिंह, सर्बजीत सिंह के अलावा अन्य पुलिस अधिकारी व जिला कानूनी सेवाएं अथारिटी से कोआर्डिनेटर जसविंदर सिंह भी मौजूद थे।

# भारत ने वनडे सीरीज पर जमाया कब्जा

## श्रीलंकाई गेंदबाजों के सामने दीवार बनकर खड़े हो गए केएल राहुल



फोटो-बीसीसीआई

**मुंबई.** भारतीय स्टार बल्लेबाज केएल राहुल ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर अपने वनडे करियर की यादगार पारी खेली। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के दूसरे वनडे में भारत को मिली 4 विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई। श्रीलंका टीम इस मुकाबले में 39.4 ओवर में 215 रन के कुल स्कोर पर ऑलआउट हो गई जिसके बाद भारत ने 6 विकेट खोकर 43.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत ने इस तरह रोहित शर्मा की कप्तानी में 3 मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली।

कर्नाटक के धुरंधर केएल राहुल इस मुकाबले में हार और जीत के बीच दीवार बनकर खड़े हो गए। विराट कोहली के आउट होने के बाद केएल राहुल बल्लेबाजी को उतरे और अंत तक जमे रहे। उन्होंने 103 गेंदों का सामना किया और 6 चौकों की मदद से 64 रन बनाए। वह टीम को जीत दिलाकर नाबाद लौटे। कुलदीप यादव ने लाहिरु कुमारा के पारी के 44वें ओवर की दूसरी गेंद पर विजयी चौका जड़ा। जब लगा कि पिच पर गेंदबाजों को मदद मिल रही है तो राहुल ने क्रीज पर जमकर खेलने का प्लान बनाया। वह इसमें कामयाब भी रहे और टीम इंडिया को जीत दिलाई।

30 वर्षीय केएल राहुल के संयम का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अपना अर्धशतक 93 गेंदों पर पूरा किया. राहुल अक्सर तेजी से रन बनाने की कोशिश करते हैं लेकिन कोलकाता में उन्होंने टीम के लिए अपनी पारी को सजाया।

# कैबिनेट मंत्री कटारुचक्क लहराएंगे राष्ट्रीय ध्यज

## डिप्टी कमिश्नर ने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों का लिया जायजा

• जालंधर ब्रीज.होशियारपुर



डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने पुलिस लाइन्ज ग्राउंड होशियारपुर में मनाए जाने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियो संबंधी आज जिला प्रशासकीय कांप्लेक्स में अलग-अलग विभागों के प्रमुखों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारुचक्क शिरकत करेंगे व राष्ट्रीय ध्वज लहराएंगे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे दी गई जिम्मेदारियों को तय समय में पूरा करें। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों संबंधी किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उनके साथ एस.पी(मुख्यालय) मंजीत कौर, एस.डी.एम. होशियारपुर प्रीतइंदर सिंह बैंस भी मौजूद थे।

डीसी ने जिला स्तरीय समारोह संबंधी जहां जिला पुलिस को सुरक्षा प्रबंधों संबंधी उचित व्यवस्था करने के लिए कहा, वहीं पार्किंग के पुख्ता प्रबंध करने की भी हिदायत दी। उन्होंने इस दौरान स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि वे जिला स्तरीय समारोह में मैडिकल टीम तैनात करना व सभी की थर्मल स्कैनिंग यकीनी बनाए, इसके अलावा मास्क का भी उचित प्रबंध रखें। जिला स्तरीय समारोह में स्वास्थ्य विभाग की ओर से आम आदमी क्लीनिक, कृषि विभाग की ओर से पराली न जलाने संबंधी जागरुकता को दर्शाती, नगर निगम की ओर से स्वच्छ भारत अभियान, भूमि व जल सरंक्षण विभाग की ओर से माइक्रो इरीगेशन के अलावा वन विभाग व रोजगार विभाग की ओर से भी अलग-अलग जागरुकता झांकियां निकाली जाएंगी।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.